प्रेषक,

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 22 दिसम्बर, 2020

विषय: कानपुर नगर (चकेरी) हवाई अड्डे पर सिविल इन्क्लेव के विकास हेतु ग्राम समाज की 3.532 हे0 (8.727572 एकड़) अवशेष भूमि के पुनर्ग्रहण में निहित प्रतिकर की अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-395/आर0सी0एस0-2020/के-1/2018 दिनांक 04 दिसम्बर, 2020 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद कानपुर नगर (चकेरी) हवाई अड्डे पर सिविल इन्क्लेव के विकास हेतु ग्राम समाज की 3.532 हे0 (8.727572 एकड़) अवशेष भूमि के पुनर्ग्रहण हेतु रू0 1,78,49,410/- (रूपया एक करोड़ अठहत्तर लाख उन्चास हजार चार सौ दस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किए जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद कानपुर नगर (चकेरी) हवाई अड्डे पर सिविल इन्क्लेव के विकास हेतु ग्राम समाज की 3.532 हे0 (8.727572 एकड़) अवशेष भूमि के पुनर्ग्रहण हेतु रू0 1,78,49,410/- (रूपया एक करोड़ अठहत्तर लाख उन्चास हजार चार सौ दस मात्र) पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2020-2021 में उक्त धनराशि रू0 1,78,49,410/- (रूपया एक करोड़ अठहत्तर लाख उन्चास हजार चार सौ दस मात्र) को व्यय किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

(1) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय से सम्बन्धित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/आदेशों/प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

(3) धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) स्वीकृत धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 24 मार्च, 2020 एवं दिनांक 18 मई, 2020 द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(5) आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

(6) स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

(7) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है।

(8) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।

(9) प्रश्नगत स्वीकृति निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर दी जा रही है। यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 रू0 1,78,49,410/- (रूपया एक करोड़ अठहत्तर लाख उन्चास हजार चार सौ दस मात्र) आवंटित कर तत्काल जिलाधिकारी, कानपुर के निर्वतन पर रखी जाएगी।

4- जिलाधिकारी, कानपुर द्वारा उपर्युक्तानुसार कार्यवाही करने के पश्चात शासन एवं निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को शीघ्र सूचित किया जाएगा।

5- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-38 के पूंजीगत लेखाशीर्षक ''5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-20-हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा भूमि अर्जन-60 भूमि क्रय'' के नामे डाला जाएगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या: ई-7-1348/दस-2020, दिनांक 21 दिसम्बर, 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे है।

भवदीय,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव

3/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पृ0सं0-96/2020/2284(1)/छप्पन-2020टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10.

3- आयुक्त, कानपुर।

4- जिलाधिकारी, कानपुर नगर।

5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/ कोषाधिकारी, कानपुर।

6- निजी सचिव, मा0 नागरिक उड्डयन मंत्री, उत्तर प्रदेश।

7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-4.

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।